उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 2243/2023–24 देहरादूनः दिनांक 05 मार्च, 2024

संवाद

विषयः–आयोग द्वारा आयोजित क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी के पदों की शारीरिक दक्षता परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

आयोग द्वारा युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के अंतर्गत क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी की शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 27.02.2024 से राज्य के प्रत्येक जनपद में आयोजित कराई गयी। वर्तमान में कतिपय जनपदों में यह शारीरिक दक्षता परीक्षा संपन्न भी हो चुकी है।

नियोक्ता विभाग द्वारा रिक्त पदों की संख्या में आंशिक संशोधन किये जाने के उपरान्त सामान्य/अनारक्षित श्रेणी के पदों की संख्या उपलब्ध कराये जाने पर आयोग द्वारा यथाआवश्यक संशोधन करते हुये विज्ञप्ति/शुद्धि–पत्र संख्या–2220(A) अधियाचन/2024 दिनांक 29 फरवरी, 2024 को प्रकाशित किया गया है।

वर्तमान में कतिपय सामान्य/अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों द्वारा उक्तानुसार हुये संशोधन के फलस्वरूप उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा में अपने प्रतिभाग न किये जाने कारण वर्तमान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनुरोध किया जा रहा है।

उक्त अनुरोध के कम में आयोग द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस प्रकार के दिनांक 02 मार्च, 2024 से पूर्व शारीरिक दक्षता परीक्षा में आमंत्रित **कुमाऊं मण्डल के अभ्यर्थियों को पुलिस लाइन, रोशनाबाद, हरिद्वार में दिनांक 11.03.2024** तथा **गढ़वाल मण्डल के अभ्यर्थियों को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून में दिनांक 12.03.2024** को प्रतिभाग का अवसर दिया जायेगा। प्रतिभाग के इच्छुक अभ्यर्थी अपने अनुरोध से आयोग को **ई–मेल–chayanayog@gmail.com** पर भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि उक्त शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु आयोग द्वारा निर्गत प्रवेश–पत्र में दिये गये दिशा निर्देशानुसार परीक्षा में प्रतिभाग करेंगे।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव